पत्र संख्या – 3/स्था०(6) 21/2022 – ............................/

**बिहार सरकार**

**पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग**

प्रेषक,

मुकेश कुमार 'मुकुल',
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सहायक निदेशक,
–सह–सत्र–समन्वयक,
बिपार्ड, स्किल पार्क, पटना।

पटना – 15, दिनांक –

**विषय :– बिहार सचिवालय सेवा के नवनियुक्त सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों के दिनांक–22.10.2025 से दिनांक–18.11.2025 तक आयोजित होने वाले प्रवेशकालीन द्वितीय चरण के 20वें बैच का सांस्थिक आवासीय प्रशिक्षण आगामी सत्र में आयोजित करने के संबंध में।**

**प्रसंग :– आपका पत्रांक–4909, दिनांक–14.10.2025.**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि बिहार सचिवालय सेवा के नवनियुक्त सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों के दिनांक–22.10.2025 से दिनांक–18.11.2025 तक आयोजित होने वाले प्रवेशकालीन द्वितीय चरण के 20वें बैच के सांस्थिक आवासीय प्रशिक्षण में शामिल होने हेतु विभाग से 07 पदाधिकारियों को नामित करते हुए दिनांक–21.10.2025 के पूर्वाह्न में बिपार्ड, स्किल पार्क, पटना में योगदान करने हेतु विभाग से विरमित करने संबंधी पत्र प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि आगामी बिहार विधान–सभा आम निर्वाचन, 2025 से संबंधित प्रशिक्षण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा इस संदर्भ में विभाग में पदस्थापित पदाधिकारियों/कर्मियों को निर्वाचन कार्य हेतु प्रशिक्षण में भाग लेने संबंधी पत्र भी प्राप्त हो चुका है। इसलिए विभाग से किसी भी पदाधिकारी को वर्त्तमान में बिपार्ड, स्किल पार्क, पटना में सांस्थिक आवासीय प्रशिक्षण हेतु विरमित नहीं किया जा सकता है।

अतएव अनुरोध है कि बिहार विधान–सभा आम निर्वाचन, 2025 के कार्य की महत्ता के मद्देनजर प्रशिक्षण प्राप्त करने को शेष, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में पदस्थापित नवनियुक्त सहायक प्रशाखा पदाधिकारियों के प्रवेशकालीन द्वितीय चरण के सांस्थिक आवासीय प्रशिक्षण

कार्यक्रम का आयोजन आगामी सत्र (बिहार विधान–सभा, आम निर्वाचन, 2025 के बाद ) में करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

ह०/–

सरकार के उप सचिव।

संख्या – 3/स्था०(6) 21/2022 – 4533 / पटना – 15, दिनांक – 17/10/25

प्रतिलिपि –विभागीय आई०टी० प्रबंधक, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना को संबंधित कार्यालय को ई–मेल के माध्यम से भेजने एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17/10/25

सरकार के उप सचिव।